प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी,भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक - 30.08.2026  समय : 2.10पीएम

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज 'मन की बात' में उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और रचनात्मक प्रयासों से समाज को जोड़ने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्वच्छता, महिला उद्यमिता और बेटियों की अंतरिक्ष क्षेत्र में भागीदारी जैसे प्रयासों की सराहना की। श्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत में बने उत्पादों पर गर्व करना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वरोजगार, भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन और देश के गौरवशाली अतीत को जानने जैसे विषयों के जरिए लोगों को नई प्रेरणा देते हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि ओरछा जैसे ऐतिहासिक स्थल से 'मन की बात' सुनना और भी विशेष अनुभव है।
बाइट - मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

बाढ़ क्षेत्र दौरा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज चित्रकूट में मंदाकिनी और सिंहावल नदियों में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस पर अधिक जानकारी देंगे हमारे संवाददाता लाल बहादुर तिवारी ....

बाणसागर बांध

बाणसागर बांध के अपस्ट्रीम में जलस्तर बढ़ने के कारण आज दोपहर 12 बजे से बांध के छह गेट खोलकर करीब 2 हजार 500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कार्यपालन यंत्री बहुउद्देशीय बाणसागर परियोजना ने बताया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने और बांध के डाउनस्ट्रीम तथा नदी क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में अब तक करीब 27 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से लगभग 2.7 इंच कम है।

एफआईएच - हॉकी विश्व कप फाइनल

एफआईएच पुरुषों हॉकी विश्व कप 2026 के फाइनल में मौजूदा चैंपियन जर्मनी का मुकाबला आज शाम बेल्जियम में स्पेन से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। जर्मनी की टीम 2023 में जीती अपनी ट्रॉफी को बरकरार रखते हुए चौथा खिताब अपने नाम करना चाहेगी, वहीं स्पेन अपना पहला हॉकी विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। अम्स्टल्फेन में कल खेले गए महिला एफआईएच विश्व कप के फाइनल में अर्जेंटीना ने नीदरलैंड्स को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक

निवाड़ी के ओरछा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। करीब 14 साल बाद ओरछा में हो रही इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत करीब 350 प्रतिनिधि शामिल हैं। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण और वर्ष 2028-29 की चुनावी तैयारियों को लेकर मंथन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के सामूहिक श्रवण से हुई।

समाचार संक्षेप में:-

- जबलपुर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रांझी क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया।
- नर्मदापुरम के सुहागपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया।
- आगरमालवा जिले के ग्राम हिरणखेड़ी में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया।
- मंडला में आज  दोपहर से रिमझिम और तेज बारिश का दौर जारी है। करीब दो घंटे से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है।

..............................